Regd. No. 185

Haryana College Teachers' Association

(Affiliated to AIFUCTO)
Website : www.hcta.in

Dr. Narender Chahar
President
Vaish College, Bhiwani
Mob. : 098133-26900
Email: narenderchahar11@gamil.com

Dr. Ravinder Gasso
General Secretary
D.A.V. College, Pundri (Kaithal)
Mob. : 094161-10679
Email: gassoravinder@gamil.com

Ref. No. HCTA/5/14 Dated 27.05.2014

सेवार्थ,

कुलपति,
चौ. देवीलाल युनिवर्सिटी, सिरसा।

विषय : कॉलेज शिक्षकों की मांगों संबंधी ।

श्रीमान जी,

हरियाणा कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन (HCTA) चौ. देवीलाल युनिवर्सिटी प्रशासन के निम्नलिखित मुद्दों/मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई का आग्रह करती है।

1. अकादमिक परिषद्, कोर्ट, कार्यकारिणी परिषद् में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की तर्ज पर सम्बद्ध कॉलेजों के शिक्षकों को प्रतिनिधित्व देने का प्रावधान किया जाए।
2. एडिड कॉलेजों में सैल्फ फाइनैंस शिक्षकों (पार्ट-टाईम शिक्षकों सहित) की नियुक्ति के लिए **'योग्यता-भर्ती प्रक्रिया-वेतन'** पर कोई समझौता न किया जाए। बाकायदा **यूनिवर्सिटी-अप्रूवल** लेना लाज़िमी किया जाए।
3. एडिड कॉलेजों के लिए बनने वाले **हरेक पैनल में वरिष्ठ कॉलेज शिक्षकों का नाम** शामिल करने का प्रावधान किया जाए।
4. एडिड-कॉलेजों में **'प्रिंसीपल-पद के लिए सरकार द्वारा घोषित सिलैक्शन-क्राइटीरिया'** की वैधता और जरूरत को जांचने के लिए उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया जाए।
5. कॉलेजों में युनिवर्सिटी टीचिंग-विभाग की तरह **'स्टाफ-कौंसिल'** व **'विभागीय-कौंसिल'** को वैधानिक दर्जा दिया जाए।
6. एडिड कॉलेजों की **गवर्निंग बॉडीज में कुलपति-प्रतिनिधि वरिष्ठतम कॉलेज शिक्षकों को भी लगाने** का कैलेण्डर में प्रावधान किया जाए।
7. पीएच.-डी. व एम.फिल् **गाइड बनने के लिए कॉलेज शिक्षकों को (UG/PG दोनों को) अनुमोदित किया जाए।**

7.1 कॉलेज शिक्षकों को पीएच.-डी. करने के लिए **पृथक् सीटों का प्रावधान किया जाए।**

8. **सेमेस्टर सिस्टम की कमियों** को दूर किया जाए। तीसरे और पाँचवें सेमेस्टर में प्रवेश के लिए पिछले सेमेस्टरों के **आधे पेपर पास होना अनिवार्य किया जाए।**
9. **गवर्निंग बॉडीज के कामकाज सम्बन्धी** एच.सी.टी.ए. के संलग्न पत्र पर कार्रवाई की जाए।
10. कॉलेज शिक्षकों की एसोसिएशन के लिए **कैम्पस में दफ्तर** खोलने के लिए जगह दी जाए।
11. एडिड कॉलेज **शिक्षकों की विषयानुसार वरिष्ठता-सूची** एच.सी.टी.ए. को तुरन्त प्रदान की जाए।

एच.सी.टी.ए. आपसे निवेदन करती है कि उपर्युक्त मुद्दों पर पदाधिकारियों के साथ मीटिंग बुलाकर सकारात्मक कार्रवाई की जाए।

आदर सहित!

भवदीय

डॉ. रविन्द्र गासो